भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3369
सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक)

रोजगार-संबद्ध प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना

3369. श्री गौरव गोगोई:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा ईएलआई योजना के माध्यम से दो वर्षों के भीतर दो करोड़ नौकरियों के सृजन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रूपरेखा का ब्यौरा क्या है;

(ख) उन विशिष्ट क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जिनकी पहचान सरकार द्वारा ईएलआई योजनाओं के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के रूप में की गई है;

(ग) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है कि लक्षित क्षेत्रों के कामगारों के पास उद्योग की मांगों को पूरा करने के लिए आवश्यक कौशल और प्रशिक्षण उपलब्ध हो;

(घ) यह सुनिश्चित करने के लिए कि महिलाएं ईएलआई योजना से लाभान्वित हों और कार्यबल में भागीदारी करें, सरकार द्वारा की जाने वाली संभावित पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार यह किस प्रकार सुनिश्चित करती है कि ईएलआई योजना के लाभ ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों सहित देश के सभी क्षेत्रों तक पहुंचें?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (घ): रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने, रोजगार क्षमता बढ़ाने और कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 1,07,000 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ "प्रधानमंत्री रोजगार और कौशल पैकेज" के भाग के रूप में रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना की घोषणा की गई है। यह योजना नियोक्ताओं और कर्मचारियों को प्रोत्साहन प्रदान करती है और सभी औपचारिक क्षेत्रों में पहली बार नियुक्त कर्मचारियों पर ध्यान केंद्रित करती है।

जारी..2/-

भाग-क: इस योजना से 2.1 करोड़ युवाओं को लाभ मिलने की संभावना है।

भाग-ख: इस योजना से रोजगार में प्रवेश करने वाले 30 लाख युवाओं और उनके नियोक्ताओं को लाभ होने की संभावना है।

भाग-ग: इस योजना से 50 लाख अतिरिक्त व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त रोजगार का प्रोत्साहन मिलने की संभावना है।

यह योजना औपचारिक क्षेत्र के उन सभी प्रतिष्ठानों के लिए खुली है, जो योजना नामांकन अवधि के दौरान ईपीएफओ के साथ पंजीकृत हैं/पंजीकृत होंगे।

ईएलआई योजना एक महिला-पुरुष निरपेक्ष योजना है।

(ङ): मंत्रालय ने योजना के विषय में जानकारी देने और विभिन्न क्षेत्रीय स्तरों पर प्रस्तावित योजना के प्रभावी डिजाइन पर सुझाव मांगने के लिए कई हितधारकों की बैठकें आयोजित की हैं। एक प्रभावी आउटरीच रणनीति की योजना बनाई गई है।

******